Regarding daily train services from Jammu to Mumbai

श्री जुगल किशोर शर्मा **(जम्मू):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय का ध्यान जम्मू-कश्मीर के उन लोगों की तरफ ले जाना चाहता हूं, जो महाराष्ट्र में रोजी-रोटी कमाने के लिए मजदूरी करते हैं । जो लोग हैं, वे विशेष तौर पर जम्मू से मुम्बई और मुम्बई से जम्मू बाई ट्रेन आते जाते रहते हैं। लेकिन, जम्मू से मुम्बई जाने के लिए सप्ताह में दो ही ट्रेन्स हैं । एक हजार लोगों का जम्मू से मुम्बई रोज आना-जाना लगा रहता है ।

मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से प्रार्थना है कि जम्मू से मुम्बई के लिए रोज एक ट्रेन जाए और मुम्बई से जम्मू के लिए आए । ऐसा होगा तभी लोगों की परेशानियों का निजात मिल सकेगा । धन्यवाद ।